दिनांक : 12.02.2026 समय : 07.10PM

## आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**मुख्य समाचार**

- ब्राज़ील और फ्रांस के राष्ट्रपतियों की भारत यात्रा, इंडिया-एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन में होंगे शामिल ।
- रक्षा मंत्रालय ने आठ डोर्नियर 228 विमानों की खरीद के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ अनुबंध किया।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में राष्ट्रीय शोधार्थी समागम का उद्घाटन और इंजीनियरों के लिए क्षमता संवर्धन कार्यशाला का शुभारंभ किया।
- उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि की तैयारियां अंतिम चरण में ।

ब्राज़ील राष्ट्रपति यात्रा

ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा 18 से 22 फरवरी तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वे भारत-एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। वहीं, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी तीन दिन के लिए शिखर सम्मेलन में भाग लेने भारत आ रहे हैं।

रक्षा मंत्रालय

रक्षा मंत्रालय ने आठ डोर्नियर 228 विमानों की खरीद के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ अनुबंध किया है। इस अनुबंध की कुल कीमत दो हजार तीन सौ बारह करोड़ रुपये है। इसमें भारतीय तटरक्षक बल के लिए जरूरी ऑपरेशन उपकरण भी शामिल हैं। मंत्रालय का कहना है कि यह कदम आत्मनिर्भर भारत और मेक-इन-इंडिया की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और साथ ही देश की समुद्री सुरक्षा को भी मजबूत करेगा।

बांग्लादेश चुनाव

बांग्लादेश में आज 13वें संसदीय चुनाव के लिए वोटिंग संपन्न हुई। 299 सीटों पर शाम 4:30 बजे तक मतदान हुआ। चुनाव में गोपालगंज और मुंशीगंज जैसे पोलिंग बूथों से धमाके की खबरें भी सामने आईं। इस चुनाव में शेख हसीना की पार्टी अवामी

लीग पर हिस्सा लेने को लेकर प्रतिबंध लगाया गया है. चुनाव में अब बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और इस्लामी दल जमात-ए-इस्लामी के बीच मुक़ाबला है.

कार्यशाला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में आयोजित एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में करीब दो हजार इंजीनियर और तकनीकी अधिकारियों ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम में डिजिटल परियोजना प्रबंधन प्रणाली 2.0 की शुरुआत और प्रशिक्षण कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। डॉ. यादव ने कहा कि इस तरह की पहल से निर्माण कार्य ज्यादा पारदर्शी, समयबद्ध और गुणवत्ता वाले बनेंगे। इस मौके पर इंजीनियर्स की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा-

कृष्णा गौर

राज्य के पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भोपाल में "डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सिम्युलेटरी स्पेस सेंटर" बनाने का प्रस्ताव सौंपा। राज्यमंत्री गौर ने बताया कि इस सेंटर के जरिए विद्यार्थियों और युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान, खगोल विज्ञान, उपग्रह तकनीक और आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान से परिचित कराया जाएगा। उन्होंने केंद्र सरकार से इस परियोजना के लिए तकनीकी और वित्तीय सहयोग की भी अपील की है।

रुक जाना नहीं

स्कूल शिक्षा विभाग ने "रुक जाना नहीं" योजना और अन्य ओपन स्कूल योजनाओं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। विद्यार्थी अपना रिजल्ट बोर्ड की वेबसाइट www.mpsos.nic.in पर देख सकते हैं। इन योजनाओं से उन छात्रों को मौका मिला है जो मुख्य परीक्षाओं में फेल हो गए थे। दिसंबर 2025 में हुई "रुक जाना नहीं" परीक्षा में 10वीं के 16 हजार और 12वीं के 23 हजार से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया। इन सभी योजनाओं में कुल पास प्रतिशत 51.58 रहा है। जो विद्यार्थी फेल हुए हैं, वे ओपन स्कूल की योजना के तहत अधिकतम तीन विषयों के लिए फिर से आवेदन कर सकते हैं।

राष्ट्रीय शोधार्थी समागम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में राष्ट्रीय शोधार्थी समागम 2026 का उद्घाटन किया। यह आयोजन दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान की ओर से 14 फरवरी तक किया जा रहा है। तीन दिन के इस समागम में देशभर के शोधार्थी संवाद और विचार-विमर्श करेंगे। कार्यक्रम का मकसद भारत-केंद्रित शोध, नई तकनीक और भारतीय ज्ञान परंपरा को अनुसंधान से जोड़ना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा-

श्रमिक संगठनों हड़ताल

राज्य में आज भारत बंद का असर देखा गया। श्रमिक संगठनों की हड़ताल के चलते बैंक, बीमा, बीएसएनएल और डाक विभाग की सेवाएं प्रभावित रहीं। भोपाल में होशंगाबाद रोड स्थित डाक भवन के सामने कर्मचारियों ने रैली और सभा आयोजित कर हड़ताल का समर्थन किया।

महाशिवरात्रि उज्जैन

उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 15 और 16 फरवरी को मंदिर में करीब 10 लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। एडीजी राकेश गुप्ता और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी दर्शन व्यवस्था, वीआईपी मूवमेंट, यातायात और भीड़ प्रबंधन की समीक्षा कर रहे हैं। मंदिर और शहर में सुरक्षा के लिए डेढ़ हजार से अधिक पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इसके अलावा मंदिर परिसर और कतारों की निगरानी के लिए 200 से अधिक सीसीटीवी और 5 ड्रोन कैमरे लगाए जाएंगे।

वन अधिकार अधिनियम

प्रदेश में वन अधिकार अधिनियम 2006 को सही तरीके से लागू करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के प्रशिक्षण सत्र शुरू किए गए हैं। प्रदेश के 26 हजार से ज्यादा ग्रामों को सामुदायिक वन संसाधन के अधिकार के लिए चिन्हित किया गया है। राज्य स्तर पर 35 मास्टर ट्रेनर्स की टीम बनाई गई है, जो 20 जिलों की उपखंड

समितियों और ग्राम स्तर की समितियों को प्रशिक्षित करेगी। इस प्रशिक्षण में दावों की तैयारी, उनका निराकरण और मान्यता देने की प्रक्रिया भी सिखाई जा रही है।

क्रिकेट

आईसीसी मेंस क्रिकेट टी20 वर्ल्ड कप 2026 में इस वक्त भारत और नामीबिया की टीमें आमने-सामने हैं। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। वहीं मुंबई में दोपहर को खेले गए मैच में इटली ने नेपाल को दस विकेट से हराया। इसके अलावा पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका ने ओमान को 105 रन से मात दी।

मौसम

प्रदेश में मौसमी उथल-पुथल जारी रहेगी। कल से 16 फरवरी तक राजस्थान और आसपास के क्षेत्र में बने चक्रवाती परिसंचरण कमजोर हो गए हैं। भोपाल सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश की संभावना कम है और मौसम सामान्यत: शुष्क रहेगा। दिन का तापमान लगभग 26-30 डिग्री और रात का तापमान 11-15 डिग्री के बीच रहेगा। सुबह-शाम हल्की ठंड महसूस हो सकती है।

**समाचार संक्षिप्त में**

- आगरमालवा में बोर्ड परीक्षाओं के दौरान शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए 10 मार्च तक ध्वनि विस्तारकों पर प्रतिबंध लगाया गया है।
- खंडवा जिले में महाशिवरात्रि के मौके पर 15 फरवरी को ओंकारेश्वर के नागरघाट पर “महादेव महोत्सव” होगा, जहां भक्ति संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियां दी जाएंगी।
- बड़वानी जिले में किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रशासन तिलहन खेती को बढ़ावा दे रहा है। कलेक्टर ने किसानों को मुफ्त में उन्नत तिल के बीज बांटे।
- झाबुआ में भगोरिया और होली को शांति और सुरक्षित तरीके से मनाने के लिए कलेक्टर और एसपी ने अधिकारियों की बैठक ली।
- गुना जिले में खनिज विभाग द्वारा जिले में आकस्मिक भ्रमण कर अवैध खनिज परिवहन करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'सेफर इंटरनेट डे-2026' के अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था देवास में आज जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

---------------------------